प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-564
21/12/2018

मुख्यमंत्री ने पटना सिटी स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर का भ्रमण किया

पटना, 21 दिसम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना सिटी के दीवान मुहल्ला स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर, नौजर घाट का भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित मंदिर के ऊपरी तल पर जाकर निर्माणाधीन गंगा पथ का भी अवलोकन किया। मंदिर प्रांगण में राज्यसभा सांसद श्री आर0के0 सिन्हा ने मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर में स्थापित किये गये लिफ्ट का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। मंदिर परिसर भ्रमण के पश्चात मुख्यमंत्री ने श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर की परिक्रमा भी की। नवनिर्मित मंदिर के संबंध में मुख्यमंत्री ने सांसद श्री आर0के0 सिन्हा से पूरी जानकारी ली।

इस अवसर पर पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, राज्यसभा सांसद श्री आर0के0 सिन्हा, विधान पार्षद डॉ0 रणवीर नंदन, पटना नगर निगम की मेयर श्रीमती सीता साहू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, विशेष सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मनु महाराज सहित मंदिर प्रबंधन कमिटी के सदस्यगण एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******